# स्वच्छता सहेलियों ने जगाया शहर को सुंदर बनाने का अलख

## लक्ष्मीबाई स्कूल की छात्राओं ने अपने-अपने क्षेत्र में स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 को सफल बनाने का संकल्प लिया

प्रातारण न्यूज * रतलाम

28-3-2021

स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत रतलाम शहर में चल रहे स्व'छता संबंधी कार्यों में वार्ड के रहवासियों के साथ ही स्कूल-कालेज के छात्र-छात्राएं भी बढ़चढ़ कर भागीदारी निभा रहे है। बीते दिनों शहर के महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल की छात्राओं ने स्वच्छता सहेली समूह का गठन कर अपने अपने क्षेत्र में लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर शहर को स्व'छता की दौड़ में नम्बर-1 बनाने का संकल्प लिया है।

नगर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देश और मार्ग दर्शन में स्व'छ सर्वेक्षण-2021 के तहत शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाने के प्रयास निरन्तर किए जा रहे है। इसी के तहत शहर के कचरा मुक्त स्थलों, सार्वजनिक स्थलों स्कूल, कालेजों सहित अन्य संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रमों के साथ



ही रंगोली का निर्माण जारी है। इसी तरह शहर के सभी वार्डों को गौरी बेस्ट बनाने का क्रम भी जारी है।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारियां के इन्ही प्रयासों के तहत बीते दिनों महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल की प्राचार्य व क्रीड़ा अधिकारी के मार्ग दर्शन में छात्राओं की एक टीम गठित की गई जिसे स्वच्छता सहेली का नाम दिया गया है। छात्राओं की इस टीम को स्वच्छ सर्वेक्षण से जुडे पेम्फलेट, पोस्टर्स और टोपियों का वितरण किया गया है। यह टीम अपने-अपने क्षेत्रों के रहवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरुक करेगी।

आयुक्त सोमनाथ झारिया के अनुसार स्वच्छता किसी के कहने से करने पर नही बल्कि यह हर किसी की खुद की आदत होनी चाहिए जैसे हम अपने शरीर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए रोज नहाते है साफ सफाई करते है खुद को संवारते है ठीक है वैसे ही यह धरती भी हमारी माता के समान है जिसके गोद में पलकर बड़े हुए है सो हम सभी का यह फर्ज बनता है की हम इस धरती को भी स्वच्छ और सुंदर बनाने में सहयोग करें।

श्री झारिया ने कहां कि स्वच्छता हम सबकी धरोहर है। अपनी सभ्यता के विकास के साथ ही मनुष्य ने सबसे पहले स्वच्छता को अपनाया। अपने आसपास की गंदगी मिटाकर स्वच्छ वातावरण तैयार करने पर जोर दिया। लेकिन समय के साथ स्वच्छता के प्रति हमारी सोच में बदलाव आया। स्वच्छता का अर्थ हमारे घर आंगन की साफ-सफाई तक सिमट कर रह गया। स्वच्छता ही सेवा है कार्यक्रम चलाकर नगर निगम लोगों को निरन्तर जागरूक करने का काम कर रहा है। स्वच्छता के वे सिपाही जो हर दिन गली मोहल्ले की साफ-सफाई कर स्वच्छ रतलाम अभियान में सक्रिय भूमिका निभाते है। नगर निगम ऐसे स्वच्छता के सिपाहियों को सम्मानित करने का काम कर भी हर दिन कर रहा है।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार नईदुनिया पृष्ठ 09 दिनांक 28/03/2021

# आज शहर में टोटल लाकडाउन, 84 नए मरीज मिले, एक मृत

## कोरोना संक्रमण : सक्रिय पाजिटिव 509, बाजार में जरूरी चीजों की दुकानों पर लगी रही भीड़

28-3-2021

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शहर में शनिवार रात 10 बजे से सोमवार सुबह छह बजे तक टोटल लाकडाउन को लेकर शनिवार दोपहर से ही प्रशासन व पुलिस का अमला सख्ती करता नजर आया। शनिवार को भी नए मरीजों की संख्या में तेजी रही और 84 मरीज मिले जबकि एक की मौत हो गई।

कलेक्टर गोपाल चंद्र डाड और एसपी गौरव तिवारी ने बाजार में निरीक्षण कर कोरोना गाइडलाइन पालन कराने पर जोर दिया। कई जगह मास्क नहीं पहनने व शारीरिक दूरी का पालन नहीं करने पर दुकानें भी बंद कराई गईं। दोपहर करीब 12 बजे कलेक्टर-एसपी ने डालूमोदी बाजार, नाहरपुरा, चौमुखीपुल सहित प्रमुख बाजारों का दौरा किया। इस दौरान मास्क नहीं पहनने वालों पर चालानी कार्रवाई भी की गई।


### दूध-सब्जी की मांग

टोटल लाकडाउन में दूध व सब्जी की



रतलाम के नौलाईपुरा में भ्रमण करते हुए कलेक्टर गोपालचंद्र डाड, एसपी गौरव तिवारी। • नईदुनिया

## 'रात में दादा ने फोन पर कहा मेरा इलाज बंद कर दिया, सुबह मौत हो गई'



संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार दै. भास्कर पृष्ठ 12 दिनांक 28/03/2021

# कलेक्टर-एसपी को देख बिना मास्क खड़े लोगों ने लगाई दौड़, इधर कायदे ताक पर रखने वाले दुकानदारों की दुकानें सील कीं

## लॉकडाउन के ठीक एक दिन पहले कलेक्टर और एसपी मास्क की जांच के लिए उतरे सड़क पर

**भास्कर संवाददाता** | रतलाम

28-3-2021

लॉकडाउन के ठीक एक दिन पहले शनिवार दोपहर को कलेक्टर गोपालचंद्र डाड़ और एसपी गौरव तिवारी शहर के बाजारों में घूमे। जो दुकानदार, ग्राहक और वाहन चालक बगैर मास्क के नजर आया उस पर जुर्माना किया और मास्क दिया। वहीं दुकानें सील भी कीं। कलेक्टर और एसपी सहित प्रशासनिक और पुलिस अमले को देखकर बगैर मास्क वाले लोग गलियों में दौड़ते नजर आए। हालांकि उनका चालान बन गया।

कार्रवाई की शुरुआत कॉलेज रोड से हुई। दोपहर एक बजे प्रशासनिक और पुलिस का अमला यहां पहुंचा। यहां से कलेक्टर और एसपी पैदल बाजार की तरफ निकले। आरोग्य हनुमान के सामने गुजरात रेडियो पर ग्राहक के साथ ही दुकानदार भी बगैर मास्क के नजर आए। वहीं सामान भी सड़क पर ही रखा था। इस पर प्रशासन के अफसरों ने दुकानदार को बाहर आने को कहा तो नहीं आया। इस पर एसडीएम अभिषेक गेहलोत दुकानदार का हाथ खींच कर बाहर लाए और कार्रवाई की। इसके बाद टीम नाहरपुरा पहुंची। यहां उर्दू स्कूल के पास गली में बगैर मास्क के खड़े लोगों ने कलेक्टर और एसपी को देखकर दौड़ लगा दी। इस पर चालान काटने वाला अमला उनके पीछे दौड़ा और उनका 100-100 रुपए का चालान बनाया। यहां से उर्दू स्कूल के पास की दुकानों पर बगैर मास्क के खड़े लोगों के चालान बनाए। धानमंडी की तरफ प्रिंटिंग प्रेस पर भी 10 लोग बगैर मास्क के थे। इस पर सभी के चालान बनाए गए। यहां से अमला चांदनी चौक पहुंचा। यहां दुकानों पर भीड़ देख चालान बनाए।



कॉलेज रोड पर दुकान संचालक बाहर नहीं आया तो एसडीएम ने हाथ पकड़कर निकाला।

### बिना मास्क पर दिया गुलाब का फूल

रतलाम | वर्तमान परिस्थितियों में कोरोना के प्रति जागरूकता बहुत जरूरी है। लोगों को अब ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है। हम सभी को मिलकर इस महामारी से बचना है। यह बात शनिवार को शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया व जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष मयंक जाट ने कही। अलकापुरी चौराहे पर पूर्व पार्षद वंदना अनिल पुरोहित ने दुकानदारों को जागरूकता के लिए पम्पलेट स्टीकर बांटे।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– प्रसारण –––पृष्ठ 08 ... दिनांक 28/07/...2021

प्रसारण 28-7-2021

# दीपक जैन से 115 किलो पॉलीथीन ज़ब्त



रतलाम। शासन निर्देशानुसार नगरीय क्षेत्र रतलाम में 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन व प्लास्टिक उपयोग प्रतिबंधित किए जाने के तहत कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। त्रिवेणी रोड स्थित बकरा शाला के सामने दीपक जैन द्वारा विक्रय हेतु ले जाई जा रही 50 माईक्रॉन से कम की 115 किलो पॉलीथीन को जब्त किया जाकर संबंधित पर 1000 का जुर्माना किया गया। जुर्माने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी किरण चौहान व पर्वत लड्डे, उप स्वच्छता निरीक्षक विराट मेहरा के अलावा मनोज टांक, पवन झांझोट, आकाश शिन्दे, राकेश ललावत व मनोज झांझोट आदि के द्वारा की गई। गंदगी व मलबा फैलाने, अतिक्रमण करने पर संबंधितों के विरूद्ध जुर्माना किये जाने का अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# दीपक जैन से 115 किलो पॉलीथीन जब्त, 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन उपयोग प्रतिबंधित




रतलाम। शासन निर्देशानुसार नगरीय क्षेत्र रतलाम में 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन व प्लास्टिक उपयोग प्रतिबंधित किये जाने के तहत कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। त्रिवेणी रोड स्थित बकरा शाला के सामने दीपक जैन द्वारा विक्रय हेतु ले जाई जा रही 50 माईक्रॉन से कम की 115 किलो पॉलीथीन को जब्त किया जाकर संबंधित पर 1000 का जुर्माना किया गया। जुर्माने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी किरण चौहान व पर्वत हाड़े, उप स्वच्छता निरीक्षक विराट मेहरा के अलावा मनोज टांक, पवन झांझोट, आकाश शिन्दे, राकेश ललावत व मनोज झांझोट आदि के द्वारा की गई। गंदगी व मलबा फैलाने, अतिक्रमण करने पर संबंधितों के विरूद्ध जुर्माना किये जाने का अभियान जारी रहेगा।

राष्ट्र प्रथम
28-7-2021

# पाबंदियों के पहले शुरू हुई बेचैनी : दूध, सब्जी और किराना दुकानों पर लगी कतार क्योंकि आज लॉकडाउन रहेगा और कल धुलेंडी है

**रतलाम** | कोरोना संक्रमण को रोकने रविवार का लॉकडाउन शनिवार रात 10 बजे से शुरू हो चुका है। पाबंदियों के चलते शनिवार रात नागरिकों ने दूध, सब्जी और किराना सामान की जमकर खरीदी की। इसके चलते सालभर बाद फिर दुकानों पर कतारें लग गईं। 32 घंटे का लॉकडाउन सोमवार सुबह 6 बजे तक चलने वाले लॉकडाउन में मेडिकल स्टोर के अलावा किसी को छूट नहीं रहेगी।

**हर चौराहे पर सुरक्षा प्रबंध** -प्रमुख चौराहें पर पुलिस, प्रशासन और नगर निगम की टीम तैनात रहेगी। गैर-जरूरी कारणों से बाहर निकलने वालों पर कार्रवाई होगी। इस दौरान सिर्फ ट्रेन और बस से सफर करने वाले, उद्योगों के कर्मचारी और कच्चा माल प्रदान करने वाले तथा परीक्षार्थियों को आवाजाही की छूट रहेगी। जरूरी सरकारी कार्यालय भी खुलेंगे। फोटो - राकेश पोरवाल



**सांकेतिक रूप से मनाएं त्योहार** > कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने बताया कि रविवार को सभी प्रकार के त्योहार सांकेतिक रूप से घर में ही मनाए जाएंगे। सिर्फ होलिका दहन के लिए चार घंटे की छूट रहेगी। शहर में लगातार कोरोना संक्रमितों की संख्या बढ़ती जा रही है। यह चिंता का विषय है। इसे रोकना और लोगों को बचाना बहुत जरूरी है इसलिए नागरिक भी लॉकडाउन में सहयोग करें।

## 737 मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा

रतलाम। नगर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानो, सड़को, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को दिन में पकड़े जाने के साथ ही निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा अब रात्रि में भी मवेशियों को पकड़ा जाएगा, क्योंकि मवेशी पालकों द्वारा दिन में मवेशियों को बांधकर रखा जाता है तथा रात्रि में खुला छोड़ दिया जाता है, जिससे शहर में गंदगी होती है।

कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अमले द्वारा 13 अक्टूबर से अभियान चलाया गया तथा 26 मार्च तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 737 मवेशियों को पकड़ा जाकर जिले की विभिन्न गौशालाओं में भेजा गया। अभियान के तहत 26 मार्च शुक्रवार को डोंगरे नगर व बिरियाखेड़ी से 2 मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गए। 28-3-21

## गीला व सूखा कचरा अलग रखने सहित कई संदेश दे रहीं रंगोली

28-3-2021

रतलाम को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने वाली रंगोलियों में कई तरह के जन जागरूकता वाले संदेश होते है। इनमें गीला-सूखा कचरा अलग-अलग रखने और इसे डोर-टू-डोर संग्रह के लिए आने वाले वाहनों में डालने के अलावा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, पेड़ बचाओ, पर्यावरण संरक्षण सहित कई संदेश शामिल है।

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया का कहना है कि मेरा मुख्य लक्ष्य रतलाम शहर को स्वच्छता के मामले में देश में पहले नंबर पर लाना है। इसके लिए नगर निगम का पूरा अमला जुटा हुआ है। स्वच्छता के मामले में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ लगातार सख्ती भी बरती जा रही है और जुर्माना भी किया जा रहा है। स्वच्छता अभियान के तहत हमारा रंगोली निर्माण का प्रयोग सार्थक साबित हुआ है इस पर शुक्रवार को राष्ट्रीय स्तर पर मुहर भी लग गई। मेरा मानना है कि यदि शहरवासियों के सभी छह लाख हाथ स्वच्छता में सहभागी बन जाएं तो रतलाम को अव्वल आने से कोई नहीं रोक सकता।

## कर्त्तव्य स्थल पर गणवेश में नहीं आने पर एक दिवस का वेतन काटा

28-3-2021

रतलाम। नगर निगम के फायरमैन व चौकीदार द्वारा अपने कर्तव्य स्थल पर गणवेश में नहीं आने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक दिवस का वेतन काटा गया। अग्निशमन विभाग के फायरमेन जुझारसिंह-शंकरलाल, यकीनउद्धीन अंसारी, ड्रायवर गजराजसिंह-मांगू सिंह, जितेन्द्र सिंह व चौकीदार अजयसिंह-सरदारसिंह द्वारा कर्तव्य स्थल पर गणवेश में नहीं आने पर 1 दिवस का वेतन काटा गया।

## अनुपस्थित 22 सफाई संरक्षकों का वेतन काटा

28-3-2021

रतलाम। निगम के चारों झोन के वार्डो की सफाई कार्य के निरीक्षण के दौरान नगर के विभिन्न वार्डो में 26 मार्च शुक्रवार को 22 सफाई संरक्षकों द्वारा बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाये जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक दिवस का वेतन काटा जाकर अस्थायी कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त करने व स्थाई कर्मचारियों को निलंबित किए जाने के संबंध में कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

## गणवेश में नहीं आने पर वेतन काटा

28-3-2021

रतलाम। नगर निगम के फायरमैन व चौकीदार द्वारा अपने कर्तव्य स्थल पर गणवेश में नहीं आने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक दिवस का वेतन काटा गया। अग्निशमन विभाग के फायरमेन जुझारसिंह-शंकरलाल, यकीनउद्धीन अंसारी, ड्रायवर गजराजसिंह-मांगू सिंह, जितेन्द्र सिंह व चौकीदार अजयसिंह-सरदारसिंह द्वारा कर्तव्य स्थल पर गणवेश में नहीं आने पर 1 दिवस का वेतन काटा गया।

## अनुपस्थित 22 सफाई संरक्षकों का वेतन काटा

28-3-2021

रतलाम। निगम के चारों झोन के वार्डो की सफाई कार्य के निरीक्षण के दौरान नगर के विभिन्न वार्डो में 26 मार्च शुक्रवार को 22 सफाई संरक्षकों द्वारा बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाये जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक दिवस का वेतन काटा जाकर अस्थाई कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त करने व स्थाई कर्मचारियों को निलंबित किये जाने के संबंध में कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

## अनुपस्थित 16 सफाई संरक्षकों का वेतन काटा

28-3-2021

रतलाम। नगर निगम के चारों जोन के वार्डों की सफाई कार्य के निरीक्षण के दौरान शनिवार को 16 सफाई संरक्षकों बिना सूचना के कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाए गए। इस पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार सभी का एक दिन का वेतन काटा जाकर अस्थायी कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त करने व स्थायी कर्मचारियों को निलंबित किए जाने के संबंध में सूचना पत्र जारी किया गया।

# स्वच्छता सहेलियों ने जगाया शहर को सुंदर बनाने का अलख

## लक्ष्मीबाई स्कूल की छात्राओं ने अपने–अपने क्षेत्र में स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 को सफल बनाने का संकल्प लिया



रतलाम। स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत रतलाम शहर में चल रहे स्व'छता संबधी कार्यों में वार्ड के रहवासियों के साथ ही स्कूल-कालेज के छात्र-छात्राएं भी बढ़चढ़ कर भागीदारी निभा रहे है। बीते दिनों शहर के महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल की छात्राओं ने स्व'छता सहेली समूह का गठन कर अपने अपने क्षेत्र में लोगों को स्व'छता के प्रति जागरुक कर शहर को स्व'छता की दौड़ में नम्बर-1 बनाने का संकल्प लिया है।

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश और मार्ग दर्शन में स्व'छ सर्वेक्षण-2021 के तहत शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ्य बनाने के प्रयास निरन्तर किए जा रहे है। इसी के तहत शहर के कचरा मुक्त स्थलों, सार्वजनिक स्थलों स्कूल,कालेजों सहित अन्य संस्थानों में जागरुकता कार्यक्रमों के साथ ही रांगोली का निर्माण जारी है। इसी तरह शहर के सभी वार्डों को जीरों वेस्ट बनाने का क्रम भी जारी है। निगम आयुक्त के इन्ही प्रयासों के तहत बीते दिनों महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल की प्राचार्य व क्रीड़ा अधिकारी के मार्ग दर्शन में छात्राओं की एक टीम गठित की गई जिसे स्व'छता सहेली का नाम दिया गया है। छात्राओं की इस टीम को स्वच्छ सर्वेक्षण से जुड़े पेम्पलेट, पोस्टर्स और टोपियों का वितरण किया गया है। यह टीम अपने-अपने क्षेत्रों के रहवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरुक करेगी। आयुक्त के अनुसार स्वच्छता किसी के कहने से करने पर नही बल्कि यह हर किसी की खुद की आदत होनी चाहिए जैसे हम अपने शरीर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए रोज नहाते है साफ सफाई करते है खुद को संवारते है ठीक है वैसे ही यह धरती भी हमारी माता के समान है जिसके गोद में पलकर बढ़े हुए है सो हम सभी का यह फर्ज बनता है की हम इस धरती को भी स्वच्छ और सुंदर बनाने में सहयोग करे।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– प्रसारण –पृष्ठ 15 दिनांक 28/03/2021

# रविवार के लॉक डाउन से पहले उमड़ी बाजारों में भीड़, उड़ी सोशल डिस्टेंसिंग की धज्जियां



प्रसारण न्यूज • रतलाम

28-3-2021

शहर में रविवार को लगने वाले लॉक डाउन से पहले शनिवार को भारी भीड़ देखने को मिली। इस दौरान शहर की अधिकांश सड़कें जाम दिखाई दी और जमकर सोशल डिस्टेंसिंग धज्जियां उड़ी। इस दौरान सड़कों पर यातायात को व्यवस्थित करने वाले पुलिसकर्मी तक मौजूद नहीं थे।

रविवार को लॉक डाउन होने के कारण शनिवार को शहर के प्रमुख बाजारों में भारी भीड़ देखने के मिली। इस दौरान जहां अधिकांश लोग बिना मास्क के भी दिखाई दिए, वहीं सोशल डिस्टेंसिंग की जमकर धज्जियां उड़ी। भीड़ होने के कारण शहर के अधिकांश मार्गों पर लंबा जाम देखने को मिला, लेकिन इस जाम को हटाने वाला यातायात को कोई भी पुलिसकर्मी नहीं दिखाई दिया। इस दौरान सैलाना बस स्टेण्ड पर एक एम्बुलेंस जाम में फस गई थी, इस दौरान उसमे मौजूद मरीज काफी देर तक परेशान हुआ।

राम मंदिर क्षेत्र में भी यातायात काफी प्रभावित दिखाई दिया। ऐसा नहीं की सड़कों के जाम से प्रशासन अनजान था। सड़कों पर जाम और सोशल डिस्टेंसिंग में लापरवाही के दौरान पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और प्रशासनिक अधिकारियों के वाहन सड़कों से गुजरे, लेकिन किसी ने भी कोई ठोस कदम नहीं उठाए। शहर में हर रोज जहां कोरोना से संक्रमित दर्जनों मरीज समाने आ रहे और उसके चलते प्रशासन मास्क ना पहने वाला पर चालानी कार्यवाही, संडे लॉक डाउन जैसे कदम उठा रहा है, उसके बावजूद लॉक डाउन से पहले प्रशासन की ऐसी लापरवाही कई सवाल खड़े कर रही है।

# आज गाइड-लाइन के अनुसार होगा होलिका दहन

प्रसारण न्यूज • रतलाम

28-3-2021

शहर सहित अंचल में शासन-प्रशासन की गाइड-लाइन के अनुरूप होली का त्योहार मनाया जाएगा। अनुमति लेने के बाद रविवार को शहरी क्षेत्र में 20 लोगों और ग्रामीण क्षेत्रों में 25 लोगों की उपस्थिति में होलिका दहन का आयोजन होगा।

उधर, शनिवार को बाजार में खासी रौनक रही। बच्चे और बड़े दुकानों पर रंग-गुलाल, पिचकारियां खरीदते नजर आए। सोमवार को धुलेंडी का पर्व सादगी से मनाया जाएगा। जिले में कहीं भी गेर का आयोजन नहीं होगा।

कोरोना संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए शासन-प्रशासन द्वारा कई तरह की बंदिशें लगाई गई है। होलिका दहन का समय भी नियत किया गया है। आमजन अनुमति लेकर शाम छह से रात 10 बजे तक होलिका दहन कर सकेंगे। इसके लिए प्रशासन की गाइड लाइन का पूरी तरह पालन करना होगा। रंग पर्व को लेकर बच्चों में उत्साह का माहौल बना हुआ है, लेकिन तेजी से फैल रहे कोरोना संक्रमन के चलते लोगों में चिंता भी है। साहू समाज माणकचौक पर होलिका दहन के लिए शनिवार से तैयारियां प्रारंभ की गई। यहां



रविवार रात 10 बजे होलिका दहन किया जाएगा।

## शहर में अनुमति लेकर सांकेतिक होलिका दहन होगा

शहर में आगामी रविवार को लॉक डाउन के दौरान प्रशासन से अनुमति लेकर सांकेतिक होलिका दहन किया जा सकेगा। एसडीएम शहर श्री अभिषेक गहलोत ने बताया कि अधिकतम 20 व्यक्तियों के लिए अनुमति दी जा सकेगी। होलिका दहन का समय शाम 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक का रहेगा।

## होलिका दहन बिजली लाइनों से दूर करने की अपील

बिजली कंपनी ने जहां भी प्रशासकीय अनुमति से होलिका दहन होना है, वहां उक्त कार्य बिजली लाइनों, ट्रांसफार्मर, केबल, ग्रिड आदि से दूर करने की अपील की है। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक अमित तोमर ने बताया कि गांवों व शहरों में जहां भी प्रशासन की अनुमति से होलिका दहन होना है, वहां दूरी बनाए रखना जरूरी है। बिजली लाइनों, ट्रांसफार्मर, केबल के पास जलाने से जान-माल के नुकसान का खतरा पैदा हो सकता है। बिजली कंपनी ने अपील की है कि आवाम के त्योहार पर होलिका दहन लाइन, तार, केबल, कंडक्टर से पर्याप्त दूरी पर किया जाए। बिजली कंपनी ने लाइनों, ट्रांसफार्मर के पास पानी वाला रंग न उड़ाने की भी अपील की है।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–प्रकाश्या–––पृष्ठ 04 दिनांक 28/03/2021

# स्वच्छता सहेलियों ने जगाया शहर को सुंदर बनाने का अलख

## लक्ष्मीबाई स्कूल की छात्राओं ने अपने-अपने क्षेत्र में स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 को सफल बनाने का संकल्प लिया

प्रकाश्य न्यूज • रतलाम

28-3-2021

स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत रतलाम शहर में चल रहे स्व'छता संबंधी कार्यों में वार्ड के रहवासियों के साथ ही स्कूल-कालेज के छात्र-छात्राएं भी बढ़चढ़ कर भागीदारी निभा रहे है। बीते दिनों शहर के महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल की छात्राओं ने स्वच्छता सहेली समूह का गठन कर अपने अपने क्षेत्र में लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरुक कर शहर को स्व'छता की दौड़ में नम्बर-1 बनाने का संकल्प लिया है।

नगर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देश और मार्ग दर्शन में स्व'छ सर्वेक्षण-2021 के तहत शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाने के प्रयास निरन्तर किए जा रहे है। इसी के तहत शहर के कचरा मुक्त स्थलों, सार्वजनिक स्थलों स्कूल, कालेजों सहित अन्य संस्थानों में जागरुकता कार्यक्रमों के साथ ही रंगोली का निर्माण जारी है। इसी तरह शहर के सभी वार्डों को जीरो वेस्ट बनाने का क्रम भी जारी है।



निगम आयुक्त सोमनाथ झारियां के इन्ही प्रयासों के तहत बीते दिनों महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल की प्राचार्य व क्रीड़ा अधिकारी के मार्ग दर्शन में छात्राओं की एक टीम गठित की गई जिसे स्वच्छता सहेली का नाम दिया गया है। छात्राओं की इस टीम को स्वच्छ सर्वेक्षण से जुड़े पेम्पलेट, पोस्टर्स और टोपियों का वितरण किया गया है। यह टीम अपने-अपने क्षेत्रों के रहवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरुक करेगी।

आयुक्त सोमनाथ झारिया के अनुसार स्वच्छता किसी के कहने से करने पर नही बल्कि यह हर किसी की खुद की आदत होनी चाहिए जैसे हम अपने शरीर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए रोज नहाते है साफ सफाई करते है खुद को संवारते है ठीक है वैसे ही यह धरती भी हमारी माता के समान है जिसके गोद में पलकर बड़े हुए है सो हम सभी का यह फर्ज बनता है की हम इस धरती को भी स्वच्छ और सुंदर बनाने में सहयोग करे।

श्री झारिया ने कहां कि स्वच्छता हम सबकी धरोहर है। अपनी सभ्यता के विकास के साथ ही मनुष्य ने सबसे पहले स्वच्छता को अपनाया। अपने आसपास की गंदगी मिटाकर स्वच्छ वातावरण तैयार करने पर जोर दिया। लेकिन समय के साथ स्वच्छता के प्रति हमारी सोच में बदलाव आया। स्वच्छता का अर्थ हमारे घर आंगन की साफ-सफाई तक सिमट कर रह गया। स्वच्छता ही सेवा है कार्यक्रम चलाकर नगर निगम लोगों को निरन्तर जागरूक करने का काम कर रहा है। स्वच्छता के वे सिपाही जो हर दिन गली मोहल्ले की साफ-सफाई कर स्वच्छ रतलाम अभियान में सक्रिय भूमिका निभाते है। नगर निगम ऐसे स्वच्छता के सिरमौरों को सम्मानित करने का काम कर भी हर दिन कर रहा है।

मांग ज्यादा रही। रविवार को होली पर लाकडाउन लगने से शहरवासी निराश भी हैं, हालांकि कोरोना संक्रमण रोकने के लिए लोग इसे जरूरी भी मान रहे हैं।

**शनिवार को 1737 लोगों ने टीका लगवाया**

शनिवार को जिले के 25 केंद्रों पर कुल 1737 लोगों ने कोविड का टीका लगवाया। शहर के बाल चिकित्सालय में कुल 490 और मेडिकल कालेज में कुल 214 लोगों का टीकाकरण किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. प्रभाकर ननावरे ने बताया कि जिले में रविवार को शासकीय अवकाश होने, सोमवार को धुलेंडी अवकाश होने एवं मंगलवार को नियमित टीकाकरण सत्र होने के कारण कोविड का टीकाकरण नहीं हो सकेगा। राज्य कार्यालय से प्राप्त निर्देशानुसार आगामी समय में नगरीय निकायों के आम निर्वाचन 2011 में संलग्न अधिकारियों कर्मचारियों को कोविड का टीका लगाया जाएगा। इस संबंध में जिला निर्वाचन कार्यालय से समन्वय स्थापित कर टीकाकरण योजना तय की जाएगी। इसके लिए ड्यूटी में संलग्न कर्मचारियों का कोविन पोर्टल पर पंजीयन कर टीकाकरण किया जाएगा।

**चिकित्सा सुविधाओं में विस्तार की मांग**


शासकीय मेडिकल कालेज की सौगात जिलेवासियों के लिए स्वास्थ्य की दृष्टि से बेहतर है, लेकिन बीते कुछ दिनों से मेडिकल कालेज की व्यवस्थाओं को लेकर नागरिकों में आक्रोश उपज रहा है। सीटी स्कैन की मशीन अब तक उपलब्ध नहीं हो पाई है। इससे मरीज व उनके स्वजन परेशान हो रहे हैं रेडक्रास सोसाइटी के पूर्व चेयरमैन महेंद्र गादिया ने कहा कि रेडक्रास द्वारा प्रदेश की पहली कार्डिक एम्बुलेंस रतलाम में सभी के प्रयासों से लाए थे, जो आज आवश्यक बन गई। उसका भी उपयोग रोगियों को कम शुल्क में भेजने का प्रविधान था। रेडक्रास की तीन से चार एंबुलेंस शासन के उपयोग में भी आ रही थी, लेकिन संसाधनों का अभाव है। सारी सुविधा प्राइवेट व्यवस्था के भरोसे हैं। साथ ही पर्याप्त दवाई, इंजेक्शन भी प्राइवेट लेना पड़ रहे हैं। रेडक्रास का सोनोग्राफी सेंटर बंद पड़ा। ब्लड बैंक के लिए एसडीपी मशीन व कंपोनेंट मशीन का भी कई बार लिख चुके हैं। ये सारी सुविधाएं मुहैया नहीं होती तो इतनी बड़ी बिल्डिंग का उपयोग नहीं होगा। जो मशीन थी वह इंदौर भेज दी गई। जिला चिकित्सालय की बिल्डिंग आज भी ध्वस्त पड़ी है। सामाजिक संस्थाओं को दर किनार कर दिया गया है। समितिया भंग कर दी गई है। कम से कम सेवा को सेवा के मंदिर के रूप में रहने दिया जाए। कोरोना से बीते चार-पांच दिनों से मौत के मामले भी सामने आ रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री और राज्यपाल से मेडिकल कालेज की व्यवस्थाओं में सुधार कराने की मांग की है।



सागोदिया जैन मंदिर पर उपस्थित वीसा पोरवाल महिला संगठन की सदस्याएं। • नईदुनिया

### कोरोना की रोकथाम के उपाय बताए


वीसा पोरवाल महिला संगठन द्वारा सागोदिया जैन मंदिर पर पंजाबी थीम ड्रेस पहनकर कोविड-19 की रोकथाम, बचाव व सावधानी के बारे में जानकारी दी गई। क्लब अध्यक्ष संगीता मनोज पोरवाल, सचिव सोनाली दिनेश पोरवाल व सरोज प्रफुल्ल जैन ने बताया कि कोरोना से जुड़ी अनेक उपयोगी जानकारियां संगठन द्वारा नागरिकों को भी दी गई। संचालन सरोज जैन ने किया। आभार सुनीता चौधरी ने माना।



शासकीय मेडिकल कालेज बाहर प्रदर्शन करते हुए मरीजों के स्वजन। • नईदुनिया

**कार्यप्रणाली पर सवाल**

- निगेटिव के बाद मरीज को पाजिटिव बताने का आरोप
- मेडिकल कालेज में मरीज की मौत पर परिजन का हंगामा



रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना मरीजों की संख्या बढ़ने के साथ ही मेडिकल कालेज में उपचार कर रहे अमले पर भी दबाव बढ़ने लगा है और मरीजों के स्वजन के साथ विवाद भी होने लगे हैं। शनिवार को एक मरीज की मौत के बाद स्वजनों ने स्टाफ पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। हंगामा बढ़ने पर प्रशासन व पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे तब मामला शांत हुआ।

हनुमान रुंडी निवासी 73 वर्षीय कनकमल पुत्र बोथरा को स्वास्थ्य खराब होने पर 23 मार्च को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था। उनके बेटे संजय व पोते आदित्य ने बताया कि 24 मार्च को सैंपल जांच में कोरोना रिपोर्ट निगेटिव आई। कालेज में उपचार के दौरान शुक्रवार रात दादा ने फोन पर बताया कि आक्सीजन मास्क हटाकर दवाई भी बंद कर दी है। डाक्टर घर जाने का बोल रहे हैं। इसके बाद बातचीत नहीं हो पाई और शनिवार सुबह मौत की खबर मिली। कोरोना रिपोर्ट भी पाजिटिव बता दी। इधर वृद्ध की मौत के बाद सुबह करीब नौ बजे स्वजनों ने मेडिकल कालेज स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा कर शव सौंपने की बात कही। डाक्टरों से ठीक जवाब नहीं मिलने पर स्वजन नाराज हो गए। मौके पर मौजूद अन्य मरीजों के स्वजनों ने भी परेशानी की जानकारी दी। हंगामा बढ़ने पर तहसीलदार अनीता चाकोटिया सहित पुलिस बल भी पहुंचा। मामले में कालेज डीन डा. शशि गांधी ने बताया कि कई बार रिपोर्ट स्पष्ट नहीं आने पर दोबारा सैंपल लेकर जांच कराई जाती है। अंतिम रिपोर्ट पाजिटिव रही थी।

### जांच के आश्वासन पर माने

तहसीलदार अनीता चाकोटिया ने मृतक के स्वजनों चर्चा कर जांच का आश्वासन दिया। घटना के बाद अस्पताल में भर्ती मृतक की पत्नी सुशीलाबाई को भी स्वजन घर ले गए। बाद में वृद्ध के शव का अंतिम संस्कार भक्तन की बावड़ी मुक्तिधाम पर परिवार के दो सदस्यों की मौजूदगी में किया गया।

> सभी मरीजों को बेहतर उपचार दिया जा रहा है। आइसीयू में आक्सीजन सिस्टम भी संचालित है। इलाज न करने या मास्क हटा देने जैसी कोई बात नहीं हुई है। आरोप निराधार है।
>
> -डा. जितेंद्र गुप्ता, अधीक्षक, मेडिकल कालेज

दैनिक भास्कर 28-3-2021 रतलाम

**स्वच्छ अभियान** • पिछले साल फाइव स्टार के बदले मिली थी शून्य रेटिंग

# 24 दिन में 44 वार्ड जीरो वेस्ट बना निगम ने बनाया रिकॉर्ड, फाइव स्टार की दावेदारी पक्की

## अब सर्वे करने होली बाद आएगी क्यूसीआई की टीम

भास्कर संवाददाता | रतलाम

1100 अंक वाले गार्बेज फ्री सिटी (जीएफसी) में शहर को फाइव स्टार रेटिंग मिलना लगभग पक्का हो गया है। जरिया बनी है जीरो वेस्ट वार्ड मुहिम। इसमें नगर निगम ने सिर्फ 24 दिन में 44 वार्ड को जीरो वेस्ट बनाकर रिकॉर्ड कायम कर दिया है। अब सिर्फ पांच वार्ड बाकी हैं, जिन्हें जीरो वेस्ट बनाने का काम शुरू हो गया है।

मार्च खत्म होने से पहले शहर के सभी 49 वार्ड जीरो वेस्ट बन जाएंगे। यह सब इसलिए क्योंकि 6000 अंक वाले स्वच्छ सर्वेक्षण में 1100 जीएफसी के हैं, जिसमें जीरो वेस्ट वार्ड महत्वपूर्ण शर्त हैं। पिछले साल भी निगम ने फाइव स्टार का दावा किया था। इसके बदले शून्य रेटिंग मिली थी। इस बार भी निगम ने फाइव स्टार का दावा किया है। उधर निगम सूत्रों के अनुसार फाइनल स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 अब होली बाद ही होगा। इसकी समय सीमा पहली मार्च को शुरू हो गई है, जो 31 मार्च तक चलेगा।

**अब तक ये वार्ड बन चुके जीरो वेस्ट**
1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 13, 14, 15, 17, 18, 19, 20, 21, 23, 25, 26, 29, 30, 32, 33, 34, 35, 36, 37, 38, 39, 40, 41, 42, 43, 44, 45, 46, 47, 48, 49, 16, 22, 24, 28 और 31

## 49 रैग पिकर्स महिलाओं की मिली आजीविका, रोजाना कमा करा रही 200 रुपए

वार्ड को जीरो वेस्ट बनाने के लिए नगर निगम में स्व सहायता समूह से जुड़ी रैक पिकर्स महिलाओं का सहयोग लिया है। अब तक 49 महिलाएं मुहिम से जुड़ चुकी हैं, जो रोजाना औसतन 200 रुपए कमा रही हैं। ये महिलाएं वार्ड की कचरा कलेक्शन गाड़ियों के साथ घूमकर गीला व सूखा कचरा अलग-अलग एकत्र करती हैं। गीले कचरे को ट्रेंचिंग ग्राउंड भेज दिया जाता है, जबकि सूखे कचरा जैसे पुस्टा, अखबार, लोहा, कपड़ा, कांच, पैकिंग मटेरियल, टूटे खिलौने, प्लास्टिक आदि अलग-अलग कर महिलाएं कबाड़ी को बेच देती हैं। इससे महिलाओं को आजीविका का जरिया मिल गया है।

## 16 सफाई कर्मचारी फिर ड्यूटी से गायब

चार जोन में शनिवार को 16 सफाई कर्मचारी ड्यूटी से गायब मिले। वह भी बगैर अनुमति के। स्वास्थ्य अधिकारी की रिपोर्ट पर आयुक्त सोमनाथ झारिया ने सभी का एक दिन का वेतन काटने का आदेश किया है। साथ ही बर्खास्त, निलंबित करने की कार्रवाई को लेकर नोटिस जारी किया है।

## 7 लोगों पर किया जुर्माना

प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग और गंदगी फैलाने वाले 7 व्यक्तियों पर शनिवार को निगम अमले ने जुर्माना लगाया। इसमें हीरालाल चांदनी चौक पर 2000 रुपए, चंदन कुमार चांदनी चौक पर 1000 रुपए, नवपद ज्वेलरी चांदनी चौक, शैलेंद्र जेल रोड, साड़ी सरोवर नाहरपुरा पर 500 रुपए, ईश्वर सैलाना बस स्टैंड व संजय कॉलेज रोड पर 100 रुपए का स्पॉट फाइन किया।

*▪ अब तक 44 वार्ड जीरो वेस्ट बनाए जा चुके हैं, बाकी 5 वार्ड में काम शुरू हो गया है। फाइनल सर्वेक्षण होना बाकी है, इसके लिए टीम कभी भी आ सकती है। हमारी तैयारी पूरी है। उम्मीद है इस बार शहर को अच्छी रैंक मिलेगी।*
**सोमनाथ झारिया,** आयुक्त

# सड़क पर उतरा प्रशासनिक अमला

प्रसारण 28-3-21



आज होली के पूर्व जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, नगर निगम प्रशासन का संयुक्त अमला सड़क पर निकला। कलेक्टर गोपाल चंद्र डॉड एसपी गौरव तिवारी, निगम कर्मी एसडीएम सीएसपी सड़कों पर पैदल निकले तथा बगैर मास्क के लोगों के चालान बनाए, वहीं कई दुकानें सील भी की
...सन व निगम की कार्रवाई से दुकानदारों में हड़कंप मच गया है।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– [illegible] --पृष्ठ ..06.. दिनांक..28/03/....2021

**बड़ी तैयारी** खाने की पैकेजिंग वाले प्लास्टिक को री-साइकिल करेंगे

# प्लास्टिक की बोतल को कूड़ेदान में फेंकने की जगह वापस दुकानदार को देने पर मिलेंगे पैसे


## एफएसएसएआई ने कहा- 40% प्लास्टिक कचरा कम हो जाएगा

पवन कुमार | नई दिल्ली

28-3-2021

पर्यावरण में बढ़ते प्लास्टिक कचरे से निपटने के लिए भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने वन-पर्यावरण मंत्रालय से खाद्य पदार्थों वाले प्लास्टिक पैकेट री-साइकिल करने की इजाजत मांगी है। एफएसएसएआई ऐसी योजना बना रहा है जिसमें उपभोक्ता प्लास्टिक की बोतल कचरे में फेंकने की जगह दुकानदार को वापस देंगे तो उन्हें कुछ पैसे दिए जाएंगे।

दरअसल, केंद्रीय वन और पर्यावरण मंत्रालय की रोक के कारण प्लास्टिक में पैक खाद्य-पदार्थ के इस्तेमाल के बाद उस प्लास्टिक को दोबारा यूज नहीं कर सकते। एफएसएसएआई ने मंत्रालय को पत्र लिखकर यही रोक हटाने का आग्रह किया है। एफएसएसएआई के मुताबिक देश में जो खाद्य-पदार्थ प्लास्टिक पैकेट में मिल रहे हैं उनमें 43 फीसदी सिंगल यूज प्लास्टिक है। री-साइकिल करने से समाधान हो सकता है।



## एफएसएसएआई जल्द कंपनियों के साथ बैठक कर देगा जिम्मेदारी

प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स-2018 के तहत सिंगल यूज प्लास्टिक को री-साइकिल करने पर रोक लगा दी गई थी। यह वातावरण में प्लास्टिक कचरे की मात्रा बढ़ने में बड़ी वजह बना। एफएसएसएआई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरुण सिंघल ने बताया, हम पैकेज्ड फूड प्रोडक्ट बनाने वाली कंपनियों की बैठक बुला रहे हैं। इसमें कंपनियों को यह जिम्मेदारी दी जाएगी कि ऐसे उपभोक्ताओं को कुछ रकम दें जो प्लास्टिक बोतल दुकानदार को वापस करते हैं। साथ ही कंपनियां दुकान से उन बोतलों को उठाने की भी व्यवस्था कराएं।

# 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलिथीन उपयोग करने पर प्रतिबंध



दै. [illegible] 28-3-2021

रतलाम। शासन निर्देशानुसार नगरीय क्षेत्र रतलाम में 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन व प्लास्टिक उपयोग प्रतिबंधित किये जाने के तहत कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। त्रिवेणी रोड स्थित बकरा शाला के सामने दीपक जैन द्वारा विक्रय हेतु ले जाई जा रही 50 माईक्रॉन से कम की 115 किलो पॉलीथीन को जप्त किया जाकर संबंधित पर एक हजार का जुर्माना किया गया। जुर्माने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी किरण चौहान व पर्वत हाड़े, उप स्वच्छता निरीक्षक विराट मेहरा के अलावा मनोज टांक, पवन झांझोट, आकाश शिन्दे, राकेश ललावत व मनोज झांझोट आदि के द्वारा की गई। गंदगी व मलबा फैलाने, अतिक्रमण करने पर संबंधितों के विरूद्ध जुर्माना किये जाने का अभियान निरंतर जारी रहेगा।

2 नईदुनिया
इंदौर, रविवार 28 मार्च, 2021

**न्यूज गैलरी**

## पालीथिन का उपयोग करने व गंदगी फैलाने वाले सात व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। नगरीय क्षेत्र में 50 माइक्रान से कम मोटाई की पालीथिन व प्लास्टिक उपयोग प्रतिबंधित किए जाने के तहत कलेक्टर गोपालचंद्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। 50 माइक्रान की पालीथिन का उपयोग करने व गंदगी फैलाने पर हीरालाल चांदनी चौक पर 2000, चंदन चांदनी चौक पर 1000, नवपद ज्वैलरी चांदनी चौक, शैलेंद्र जेल रोड, साड़ी सरोवर नाहरपुरा पर 500-500, ईश्वर सैलाना बस स्टैंड व संजय कालेज रोड पर 100-100 का जुर्माना किया गया। कार्रवाई प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, जोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत हाड़े, उप स्वच्छता निरीक्षक विराट मेहरा के अलावा मनोज टांक, पवन झांझोट, आकाश शिंदे, राकेश ललावत, मनोज झांझोट आदि द्वारा की गई।

संकलन-नगर निगम, रतलाम अखबार राज एक्सप्रेस पृष्ठ 10 दिनांक 28/03/2021

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कोरोना की स्थिति एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा के दौरान दी जानकारी

# 30 अप्रैल तक प्रचलित गाइडलाइन दरों पर ही होगी रजिस्ट्री

## अपने घर का सपना संजोने वाले को प्रदेश सरकार ने दी राहत

भोपाल, (प्रसं)। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आगामी 30 अप्रैल तक प्रचलित गाइडलाइन दरों पर ही रजिस्ट्री होगी, इस अवधि में कोई दर नहीं बढ़ाई जाएगी। अतः रजिस्ट्री कराने में जल्दबाजी न की जाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा है कि प्रदेश में कोरोना की रोकथाम एवं उपचार सर्वोच्च प्राथमिकता है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान मंत्रालय में कोरोना की स्थिति एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस, पुलिस महानिदेशक विवेक जौहरी, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य मोहम्मद सुलेमान और अपर मुख्य सचिव गृह राजेश राजौरा उपस्थित थे।

इस दौरान मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कोरोना के अधिकांश मरीज होम आइसोलेशन में हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी जिलों में अस्पतालों में कोरोना के उपचार की श्रेष्ठतम व्यवस्था रखें। आवश्यकता होने पर होम आइसोलेशन से अस्पताल ले जाने की तुरंत व्यवस्था हो।



## एक सप्ताह में दोगुने हुए प्रकरण

प्रदेश में गत एक हफ्ते में कोरोना प्रकरण दोगुने हो गए हैं। एक्टिव केस 11, 168 हैं। कोरोना की गत एक हफ्ते की औसत पॉजिटिविटी दर 6.3 फीसदी है, जो देश की साप्ताहिक दर 4.6 से अधिक है।

**अर्थ-व्यवस्था को नुकसान पहुंचाए बिना कोरोना नियंत्रण:** मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरा लॉकडाउन अर्थ-व्यवस्था को ध्वस्त और लोगों को बेरोजगार कर देता है। हमारा प्रयास रहेगा कि अर्थ-व्यवस्था को नुकसान न पहुंचे और हम कोरोना संकट से प्रदेश को बाहर निकाल पाएं। इसके लिए जो जरूरी उपाय होंगे, किए जाएंगे।

**मेरा मास्क-मेरी सुरक्षा अभियान:** मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना संक्रमण से बचने जन-जागरूकता आवश्यक है। इसके लिए मेरा मास्क-मेरी सुरक्षा अभियान संचालित है। इसके अंतर्गत लोगों में मास्क बांटे जा रहे हैं तथा उन्हें मास्क पहनने जागरूक किया जा रहा है। मास्क पहनने से कोरोना से 90 प्रतिशत सुरक्षा होती है।

## घर पर ही रहकर मनाएं आगामी त्यौहार, कहीं भी भीड़ नहीं हो

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कोरोना का संक्रमण न फैले इसके लिए सभी लोग आगामी त्यौहार घर पर ही रहकर पूरी श्रद्धा एवं आस्था के साथ मनाएं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि जिन जिलों में कोरोना के 20 से अधिक प्रकरण हैं, वहां होलिका दहन एवं शबे-बरात प्रतीकात्मक रूप से ही हों। कहीं भी भीड़ नहीं हो, इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए।

## मास्क अनिवार्य रूप से लगाएं, सोशल डिस्टेंसिंग का पलन करें

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि सभी लोग मास्क अनिवार्य रूप से लगाएं, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें, हाथों को साफ रखें, सैनेटाइज करते रहें तथा निर्धारित कार्यक्रम अनुसार वैक्सीन अवश्य लगवाएं। मास्क आपको संक्रमित होने से बचाता है, सोशल डिस्टेंसिंग से आप कोरोना के कैरियर नहीं बनते, सैनेटाइजर कोरोना वायरस को मारता है। वैक्सीनेशन से कोरोना के विरुद्ध आपके शरीर में प्रतिरोधक क्षमता उत्पन्न होती है। अतः कोरोना से बचने के लिए इन सभी सावधानियों का आवश्यक रूप से पालन करें।

राज एक्सप्रेस 28-3-2021

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार दै. भास्कर –पृष्ठ 11 .....दिनांक 28/03/....2021

**कोरोना केस** • रतलाम प्रदेश के टॉप 5 शहरों में हुआ शामिल, इंदौर में मिले 603 पॉजिटिव

# रतलाम में रिकॉर्ड 84 मरीज मिले

- पहले मरीज से 84 का आंकड़ा होने में तीन माह लगे थे शुरुआती दौर में
- 340 संक्रमित सिर्फ 5 दिन में मिल चुके, एक्टिव केस भी 509 पर पहुंचे

भास्कर संवाददाता | रतलाम

28-3-2021


रतलाम जिले में शनिवार को एक साथ 84 संक्रमित मिले। इससे पहले सर्वाधिक संक्रमित 19 नवंबर और 23 मार्च को 76 सामने आए थे। इधर, जिले में सिर्फ 5 दिन में 340 पॉजिटिव सामने आ चुके हैं। इतने केस मिलने में शुरुआती दिनों में 3 महीने का समय लगा था। जिले में 11 अप्रैल को पहला पॉजिटिव मिला था, इसके बाद 23 जुलाई को संक्रमितों का आंकड़ा 335 के पार पहुंचा था। इधर, सिर्फ 5 दिन में संक्रमण की चौंकाने वाली रफ्तार सामने आई है। शनिवार को एक्टिव केस का आंकड़ा भी 509 पर आ गया है। इससे पहले नवंबर महीने में इतने एक्टिव केस मिल रहे थे।

**पांच दिन में मिले पॉजिटिव**

| | |
|---|---|
| 27 मार्च | 84 |
| 26 मार्च | 76 |
| 25 मार्च | 65 |
| 24 मार्च | 56 |
| 23 मार्च | 59 |

**भोपाल में सबसे ज्यादा एक्टिव केस**– रतलाम एक्टिव केस के मामले में प्रदेश के टॉप-5 शहरों में शामिल है। रतलाम से पहले उज्जैन, इंदौर, भोपाल, जबलपुर शामिल है। प्रदेश में अभी सबसे ज्यादा एक्टिव केस भोपाल में हैं। भोपाल में एक्टिव केस का आंकड़ा 3 हजार के पार हो चुका है।

## सख्ती के साइड इफेक्ट • लॉकडाउन से पहले उमड़ी भीड़



रतलाम में लॉकडाउन से पहले शनिवार को दिनभर शहर के लगभग हर हिस्से में कोरोना बाजार लगा। कहीं गाइड लाइन का पालन नजर नहीं आया। चित्र माणकचौक क्षेत्र का। फोटो: चिंटू मेहता

## इंदौर में दोनों डोज लगवाने के बाद भी छह पुलिसकर्मी संक्रमित

आजाद नगर थाने में पदस्थ छह पुलिसकर्मी कोरोना वैक्सीन के दोनों डोज के बाद भी संक्रमित हो गए हैं। टीआई मनीष डाबर के अनुसार इनमें तीन एसआई, एक एएसआई व दो आरक्षक शामिल हैं। उधर, शनिवार को शहर में 603 नए मरीज मिले। एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर 3123 हो गई है।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार इन्दौर समाचार पृष्ठ 03 दिनांक 28/03/2021

# स्वच्छता सहेलियों ने जगाया शहर को सुंदर बनाने का अलख

## लक्ष्मीबाई स्कूल की छात्राओं ने अपने-अपने क्षेत्र में स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 को सफल बनाने का संकल्प लिया

इन्दौर समाचार 28-3-2021



**रतलाम। स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत रतलाम शहर में चल रहे स्व'छता संबधी कार्यो में वार्ड के रहवासियों के साथ ही स्कूल-कालेज के छात्र-छात्राएं भी बढ़चढ़ कर भागीदारी निभा रहे है। बीते दिनों शहर के महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल की छात्राओं ने स्वच्छता सहेली समूह का गठन कर अपने अपने क्षेत्र में लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरुक कर शहर को स्व'छता की दौड़ में नम्बर-1 बनाने का संकल्प लिया है।**

नगर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के दिशा और मार्ग दर्शन में स्व'छ सर्वेक्षण-2021 के तहत शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ्य बनाने के प्रयास निरन्तर किए जा रहे है। इसी के तहत शहर के कचरा मुक्त स्थलों, सार्वजनिक स्थलों स्कूल, कालेजों सहित अन्य संस्थानों में जागरुकता कार्यक्रमों के साथ ही रंगोली का निर्माण जारी है। इसी तरह शहर के सभी वार्डो को जीरो वेस्ट बनाने का क्रम भी जारी है।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारियां के इन्ही प्रयासों के तहत बीते दिनों महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल की प्राचार्य व क्रीड़ा अधिकारी के मार्ग दर्शन में छात्राओं की एक टीम गठित की गई जिसे स्वच्छता सहेली का नाम दिया गया है। छात्राओं की इस टीम को स्वच्छ सर्वेक्षण से जुड़े पेम्पलेट, पोस्टर्स और टोपियों का वितरण किया गया है। यह टीम अपने-अपने क्षेत्रों के रहवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरुक करेगी।

आयुक्त सोमनाथ झारिया के अनुसार स्वच्छता किसी के कहने से करने पर नही बल्कि यह हर किसी की खुद की आदत होनी चाहिए जैसे हम अपने शरीर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए रोज नहाते है साफ सफाई करते है खुद को संवारते है ठीक है वैसे ही यह धरती भी हमारी माता के समान है जिसके गोद में पलकर बड़े हुए है सो हम सभी का यह फर्ज बनता है की हम इस धरती को भी स्वच्छ और सुंदर बनाने में सहयोग करे।

श्री झारिया ने कहा कि स्वच्छता हम सबकी धरोहर है। अपनी सभ्यता के विकास के साथ ही मनुष्य ने सबसे पहले स्वच्छता को अपनाया। अपने आसपास की गंदगी मिटाकर स्वच्छ वातावरण तैयार करने पर जोर दिया। लेकिन समय के साथ स्वच्छता के प्रति हमारी सोच में बदलाव आया। स्वच्छता का अर्थ हमारे घर आंगन की साफ-सफाई तक सिमट कर रह गया। स्वच्छता ही सेवा है कार्यक्रम चलाकर नगर निगम लोगों को निरन्तर जागरुक करने का काम कर रहा है। स्वच्छता के वे सिपाही जो हर दिन गली मोहल्ले की साफ-सफाई कर स्वच्छ रतलाम अभियान में सक्रिय भूमिका निभाते है। नगर निगम ऐसे स्वच्छता के सिपाहियों को सम्मानित करने का काम कर भी हर दिन कर रहा है।

होली पर्व पर शहर के लोगों को नहीं होगा दूध सप्लाई

# रात 10 बजे @ रतलाम लॉकडाउन आज दिनभर कोरोना हराने 'जतन'



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

28-3-21

**रतलाम.** रतलाम. रतलान शहर में रात 10 बजे से टोटल लॉकडाउन की शुरुआत हो गई है। लॉकडाउन को लेकर पुलिस ने रात से ही सख्ती बरतना शुरू कर दी। इसके पूर्व शनिवार दोपहर से ही कलेक्टर गोपाल चंद्र डाड और पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी ने शहर की सड़कों पर उतर कर नियमों का उल्लंघन करने वालों पर चालानी कार्रवाई शुरू कर दी और कई दुकानों के शटर भी बंद करा दिए। टोटल लॉक डाउन के चलते शनिवार शाम से बाजार में खरीदारी और दूध के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी तो सोशल डिस्टेंसिंग की धज्जियां उड़ गई। वहीं दूसरी ओर मेडिकल कॉलेज से रिकॉर्ड 80 से अधिक नए कोरोना मरीजों की जानकारी ने अधिकारियों के रोंगटे खड़े कर दिए।

कलेक्टर और एसपी जब टीम के साथ सड़क पर उतरे तो बाजार में हर तरफ भीड़ नजर आई। पहले दोनों अधिकारी और प्रशासनिक अमले ने वाहन में सवार होकर फ्लैग मार्च निकाला। उसके बाद जब भीड़ नजर आई तो दोनों गाड़ियों से उतरे और बिना मास्क पहने गाड़ियों पर घूम रहे लोगों को देख उन्हें रोककर चालान भी बनाना शुरू कर दिया। दुकानों पर भी भीड़ नजर आने पर वहां जाकर जब देखा तो कुछ लोगों ने मास्क नहीं लगा रखा था दुकानदार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दुकानें बंद करा दी।

## प्रशासनिक अमले को देख मचा हड़कंप

कलेक्टर और एसपी जब टीम के साथ चालानी कार्रवाई करने सड़कों पर उतरे तो इन्हें देखकर दूर से ही जिन लोगों ने मास्क नहीं लगाया था, वह मास्क लगाने लगे तो कुछ लोग रास्ता बदल कर चले गए। कोरोना संक्रमण की बढ़ती रफ्तार को देख पुलिस और प्रशासन का अमला बहुत सख्त नजर आया। हालात पर काबू पाने के लिए दोनों ही विभाग के कप्तानों ने स्वयं मोर्चा संभाल रखा है।

## सब कुछ बंद

रतलाम शहर में 206 दिनों के बाद एक बार फिर से रविवार के लॉक डाउन की शुरुआत हो रही है जिसे लेकर हर कोई सकते में है क्योंकि इस बार लॉकडाउन में किसी भी प्रकार की कोई छूट ना होकर यह टोटल लॉकडाउन रहेगा। होली पर्व के दौरान लोगों को दूध भी नसीब नहीं होगा। शनिवार रात 10 बजे से शुरू हो गई जिसके चलते हैं रात 8 बजे बाद से ही पुलिस ने सड़कों पर मोर्चा संभाल लिया और लोगों को घर रवाना करना शुरू कर दिया।

## त्योहार पर असर

गत वर्ष के बाद इस बार फिर होली का त्योहार शहरवासियों के लिए फीका ही रहेगा। होली जलाने के लिए भी गिनती के लोगों को अनुमति जारी की गई है। सांकेतिक रूप से ही लोग होलिका दहन कर पर्व मना सकेंगे। प्रशासन ने होलिका दहन के लिए 20 लोगों से अधिक की अनुमति कहीं भी जारी नहीं की है।


## 80 से अधिक नए मरीज

मेडिकल कॉलेज से देर रात आई कोरोना जांच रिपोर्ट में 80 से अधिक नए मरीज सामने आए हैं। मरीजों की हर दिन बढ़ती संख्या को देख प्रशासन के साथ ही स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और डॉक्टरों की चिंता भी बढ़ गई है। दरअसल जिस गति से मरीजों की संख्या में इजाफा होता जा रहा है उसके मान से अब स्टाफ कम पड़ने लगा है। ऐसे में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देना चुनौती बना हुआ है। इतना ही नहीं मरीजों की बढ़ती संख्या के साथ ही मौत के आंकड़े में भी लगातार इजाफा हो रहा है। लगातार बढ़ती मरीजों की संख्या के पीछे मुख्य कारण लोगों का अस्पताल जाने के बजाय घर पर उपचार कराने की बात सामने आ रही है।

---

अभियान में उठे युवाओं के हाथ

# नहीं रहेगा कोई बगैर मास्क



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

पत्रिका अभियान मास्क करें दान

**रतलाम.** कोरोना के बढ़ते संक्रमण को रोकने के लिए घर से निकलते ही चेहरे पर मास्क व सैनेटाइजर होना जरूरी है। इसी प्रेरणा को लेकर 'पत्रिका' अभियान मास्क दान के लिए अब युवा भी जागरुकता लेकर मास्क दान के लिए शनिवार को आगे आए है। युवाओं का कहना है कि मिल गया है 'पत्रिका' का साथ, नहीं रहेगा अब कोई बगैर मास्क। शनिवार को दो बत्ती से लेकर डाट की पुलिया तक करीब 150 मास्क का वितरण किया गया।

बता दे कि जिले में लगातार कोरोना के मरीज बढ़ते जा रहे है। अब भी कई लोग बगैर मास्क के ही घर से निकलते है व उनको मास्क का कहे तो लापरवाही दिखाते है। इसी प्रकार के लोग में कोरोना के प्रति सुरक्षा किस तरह रखी जाए इस चेतन को जागरुक किया जा रहा है। इसी के अंतर्गत शनिवार को दो बत्ती से लेकर डाट की पुलिया तक युवा समाजसेवियों ने मास्क का दान किया।

## यह रहे उपस्थित

आयोजन में विवेक जायसवाल के नेतृत्व में विजय जोशी, दीपक ओझा, जतिन उपाध्याय, मनन त्रिवेदी की टीम ने करीब 150 से अधिक मास्क का वितरण किया। इस दौरान कई लोग बाइक, साइकल, कार, ठेला गाड़ी आदि से बगैर मास्क के पाए गए। इनको मास्क का न सिर्फ वितरण किया गया बल्कि



युवाओं की टीम ने अपने हाथ से मास्क पहनाएं। इस दौरान विजय जोशी व अन्य युवाओं ने मास्क पहनने के तरीके को भी बताया। जोशी ने कहा कि मास्क गले में लटकाना गलत है। इसके बजाए सबसे अधिक सुरक्षित तरीका है मास्क नाक के उपर रहे। ऐसा नहीं करके हम कोरोना को आमंत्रण देते है। इतना ही नहीं, जायसवाल ने कहा कि जब तक बेहतद जरूरी नहीं हो चेहरे को हाथ नहीं लगाए। अगर लगाते है तो उसके पूर्व यह जरूरी है कि हाथ को सैनेटाइजर से साफ किया जाए।

# उपलब्धि: स्वच्छता की रंगमयी रांगोली ने राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त की

पत्रिका 28-3-2021



**रतलाम.** रंगोली भारत की प्राचीन सांस्कृतिक परंपरा और लोक-कला है। इसके निर्माण के पीछे निहित भावना और संस्कृति में पर्याप्त समानता है। इसका प्रयोजन सजावट और सुमंगल है और ये नकारात्मक भाव का शमन कर सकारात्मक भावना का संचार करती है। रांगोली की इस प्राचीन परम्परा का उपयोग नगर निगम ने लोगों में स्वच्छता के प्रति सकारात्मक भाव जगाने के लिए किया और निगम प्रशासक गोपालचन्द्र डाड एवं आयुक्त सोमनाथ झारिया का ये अनूठा नवाचार अब राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त कर चुका है।


कलेक्टर आयुक्त द्वारा अक्टूबर - 2020 से शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए चरणबद्ध योजनाओं पर काम शुरु किया। जिसके चलते प्रथम चरण शहर में लगभग 40-40 सालों से जमे करीब 500 से अधिक अस्थायी कचरा को नष्ट कराया। यहां कोई दोबारा कचरा न डाले इसके लिए कुछ स्थानों पर लाठीधारी कर्मचारियों को भी तैनात किया गया। मगर कुछ स्थानों पर फिर भी लोग नजर बचा कर कचरा निपटान कर ही आते थे।

## कंटेंट से दिया संदेश

इस नवाचार को आज राष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिल रही है इसका मुख्य कारण सफाई मित्र समूह की प्रत्येक रांगोली में स्वच्छता का संदेश रहा है। तीन सौ अधिक स्वच्छता से जुड़े अलग-अलग विषयों के चित्र रांगोली के माध्यम से निर्मित किए गए और प्रत्येक रांगोली में स्वच्छता से जुड़े नारे और स्लोगनों का समावेश किया गया है। हनुमान ताल, अमृतसागर आदि जैसे क्षेत्रों में कुछ लोग रांगोली निर्माण के कुछ देर बाद कचरा फेंकने की नियत से आते तो उन्हे रांगोली का निर्माण करने वाले सदस्य कभी फूलों की माला, फूल तो कभी छोटी झाड़ू आदि भेंट कर दोबारा यहां कचरा न फेंकने के आव्हान करते रहे। इस गांधीगिरी का असर ये भी रहा कि सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकने वाले लोगों ने अपना रास्ता बदल लिया या निर्धारित समय में आने वाली कचरा गाड़ियों में कचरे का निपटान करना शुरु कर दिया।

# रतलाम-करमदी रोड का पैचवर्क शुरू

पत्रिका 28-3-2021



रतलाम | रतलाम-करमदी रोड का पैचवर्क शुरू हो गया है। लोक निर्माण विभाग ने इस सड़क का पैचवर्क किया। इससे गड्ढों से मुक्ति मिलेगी और लोगों को आने जाने में सुविधा होगी।